सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) – 333031

संख्या: प्र.नि.का./विविध/2026/11 **दिनांक:** 05-11-2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: संस्थान में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की अभिरक्षा, प्रभार एवं समग्र प्रबंधन के केंद्रीकरण के संबंध में।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा संस्थान परिसर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित समस्त सीसीटीवी कैमरों की अभिरक्षा, प्रभार, अभिगम, नियंत्रण, निगरानी एवं समग्र प्रबंधन को केंद्रीकृत किए जाने संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। अतः उक्त अनुमोदन के अनुपालन में निम्नलिखित व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है।

तदनुसार, डॉ. जितेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक-एफ, संस्थान परिसर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित समस्त सीसीटीवी कैमरों का प्रभार एवं अभिरक्षा वर्तमान में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों से अपने अधीन ग्रहण करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से संबंधित सभी मौजूदा अभिगम एवं नियंत्रण व्यवस्थाओं, लॉगिन क्रेडेंशियल्स, पासवर्ड, अभिलेखों तथा अन्य संबंधित विवरणों का भी प्रभार ग्रहण करेंगे तथा सीसीटीवी कैमरों की केंद्रीकृत अभिगम एवं निगरानी हेतु एकल-बिंदु व्यवस्था स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य में श्री संजय खंगार, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी, डॉ. जितेन्द्र सिंह को आवश्यक सहयोग एवं सहायता प्रदान करेंगे।

इसके पश्चात् सीसीटीवी कैमरों से संबंधित सभी मामलों, जैसे उनकी अभिरक्षा, रखरखाव, कार्यशील स्थिति, अभिगम एवं नियंत्रण, निगरानी, रिकॉर्ड किए गए फुटेज की उपलब्धता एवं प्राप्ति, संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ समन्वय तथा सुरक्षा संबंधी अन्य आवश्यकताओं का समग्र प्रबंधन एवं निस्तारण डॉ. जितेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक-एफ द्वारा किया जाएगा। श्री संजय खंगार, अनुभाग अधिकारी (सामान्य) एवं सुरक्षा अधिकारी, आवश्यकता के अनुसार उक्त कार्यों में उन्हें सहयोग एवं सहायता प्रदान करेंगे।

संस्थान परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की अभिरक्षा, अभिगम अथवा नियंत्रण वर्तमान में रखने वाले सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे डॉ. जितेन्द्र सिंह को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे तथा अपने पास उपलब्ध संबंधित सीसीटीवी प्रणालियों, लॉगिन क्रेडेंशियल्स, पासवर्ड, अभिलेखों एवं अन्य प्रासंगिक विवरणों सहित संपूर्ण प्रभार उन्हें सुचारू रूप से हस्तांतरित करना सुनिश्चित करेंगे।

उपर्युक्त व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा, ताकि सीसीटीवी कैमरों का उचित रखरखाव, स्पष्ट जवाबदेही, केंद्रीकृत पर्यवेक्षण, प्रभावी निगरानी तथा सामान्य एवं आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके।

मधुरेजन 05.11.2026
(मधुरेजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि:

1. डॉ. जितेन्द्र सिंह, वैज्ञानिक-एफ
2. श्री संजय खंगार, अ. अ. (सा.) एवं प्रभारी सुरक्षा अधिकारी
3. निदेशक के निजी सचिव
4. प्रमुख एआईटीजी – संस्थान के इंट्रानेट पोर्टल पर अपलोड करने हेतु
5. सभी संबंधित
6. कार्यालय प्रति